प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 21.01.2025 समय: 2.10 PM

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सुरक्षा बलों ने नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में 14 नक्सलियों को मार गिराया।

हमारे रायपुर संवाददाता ने बताया कि यह ऑपरेशन छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले और ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के सीमावर्ती इलाकों में चलाया गया। सुरक्षा बलों ने बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, आईईडी बरामद किए हैं।

अमृत उद्यान

राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान दो फरवरी से 30 मार्च तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। लोग सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक उद्यान का दौरा कर सकते हैं। राष्ट्रपति भवन की वेबसाइट से बुकिंग की जा सकती है और उद्यान में बुकिंग और प्रवेश निःशुल्क है।

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया कि आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए सर्वे प्रारंभ किया है।

उर्दू पुरस्कार

मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा उर्दू की श्रेष्ठ पुस्तकों पर छह राष्ट्रीय और 13 प्रादेशिक पुरस्कार दिये जाने हैं। विभाग द्वारा इन पुरस्कारों के लिए एक जनवरी से 31 दिसम्बर तक की अवधि में प्रकाशित पुस्तकें 10 फरवरी तक आमंत्रित की गई हैं। मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहंदी ने बताया अखिल भारतीय पुरस्कार में 51 हजार रुपये और प्रादेशिक पुरस्कार में राशि 31 हजार रुपये दी जायेगी।

निवेश सम्मलेन पुणे

प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक विकास और निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए कल पुणे में इंटरेक्टिव सत्र आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 'मध्य प्रदेश में निवेश के अवसर' पर आयोजित इंटरेक्टिव सत्र में निवेशकों और उद्योगपतियों से सीधा संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री प्रतिनिधियों के साथ नेटवर्किंग डिनर में शामिल होंगे। राज्य के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह, पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे विभागीय प्रजेन्टेशन देंगे।

गणतंत्र दिवस परेड

गणतंत्र दिवस परेड में इस वर्ष भारत की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति का शानदार प्रदर्शन होगा। इसमें संविधान लागू होने के 75 वर्षों और जन भागीदारी पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित रहेगा। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियान्तो इस बार गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कर्तव्य पथ पर परेड में भारतीय सशस्त्र बलों के साथ-साथ इंडोनेशिया का एक सौ 60 सदस्यों का मार्चिंग दस्ता और एक सौ 90 सदस्यों का बैंड दस्ता भी भाग लेगा। इस अवसर पर 34 श्रेणियों के लगभग दस हजार विशेष अतिथियों को राष्ट्र और समाज के निर्माण में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

समाचार संक्षेप में....

- छिंदवाडा जिले के जुन्नारदेव की आंगनबाड़ी केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- शिवपुरी जिले में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 23 जनवरी को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक शासकीय आईटीआई शिवपुरी में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।
- गुना जिला पंचायत सीईओ प्रथम कौशिक ने आज जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया। और
- आगरमालवा जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत कल पुलिस विभाग द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से यातायात जागरूकता के लिए वाहन रैली निकाली गई।